डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

वार्षिक खेल दिवस समारोह 2024- 2025

डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई में वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन 30 अगस्त, 2024 को पवेलियन ग्राउंड, वाई.एम.सी.ए. नंदनम में किया गया। मुख्य अतिथि विश्व स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियन एवं इंडियन ओवरसीज़ बैंक सहायक प्रबंधक, श्री एस. प्रसन्ना वेंकटेश ने उद्घाटन समारोह की शोभा बढ़ाई। उन्होंने क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती मीनू अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता. एम के साथ मार्च पास्ट की सलामी ली। उन्होंने विद्यार्थियों से अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए अधिक-से-अधिक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने का आग्रह किया। चारों सदनों - वसंत, ग्रीष्मा, शरद और हेमन्त का मार्च पास्ट देखने लायक था। औपचारिक ओलंपिक मशाल को जलाने का नेतृत्व टी.एन.सी.ए. में फोर्थ डिवीज़न लीग के क्रिकेट खिलाड़ी कविन कुमार ने किया और इसमें राष्ट्रीय स्तर की सिलंबम चैंपियन निवेदिता अरविंद, फुटबॉल चैंपियन लोहित. एस, रेयान मिर्ज़ा और साई नितिन गरुड़ शामिल हुए। शपथ ग्रहण समारोह का नेतृत्व खेल कप्तान हशवंत. एम ने किया और उनके साथ चार सदनों के कप्तान भी शामिल हुए। 210 विद्यार्थियों ने 'स्टिक डांस' की लय पर पिन्नल कोलाट्टम (मेपोल नृत्य) तमिल लोक कला का शानदार प्रदर्शन किया। कक्षा सातवीं के 30 कलाकारों ने चमकीले रिबनों के साथ जटिल पैटर्न बनाए, जो मेपोल नृत्य की सुंदरता को चित्रित करते थे, 180 विद्यार्थियों ने छड़ियों के साथ एक संगीतमय सिम्फनी बनाई। सिलंबट्टम नियंत्रण का एक संपूर्ण प्रदर्शन था। पहली से बारहवीं कक्षा के मार्शल कलाकारों ने युद्ध कला का प्रदर्शन किया। छोटी दूरी की स्पर्धाओं और मध्य दूरी की स्पर्धाओं के फाइनलिस्टों ने भाग लिया और व्यक्तिगत चैम्पियनशिप के लिए प्रतिस्पर्धा की।

समापन समारोह की अध्यक्षता दक्षिण रेलवे की उप मुख्य टिकट निरीक्षक और भारतीय राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुश्री सिमिलल सिंह ने की। अतिथि द्वारा सुनाया गया अरुणिमा सिन्हा का प्रेरक जीवन पाठ वास्तव में विचारोत्तेजक था। सुश्री सिमिलल सिंह ने खेल दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार दिए और आठ श्रेणियों में व्यक्तिगत चैंपियंस को भी सम्मानित किया। शैक्षणिक वर्ष 2024–25 के लिए ओवरऑल चौंपियनशिप ट्रॉफी ग्रीष्मा हाउस ने जीती।

डी.ए.वी.पब्लिक स्कूल, वेलचेरी, चेन्नई - 42

उद्घाटन करते हुए अतिथिगण, क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती मीनू अग्रवाल एवं प्रधानाचार्या श्रीमती सुजाता. एम

मार्शल कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सिलंबट्टम आर्ट

मार्च पास्ट करते हुए विद्यार्थीवृंद

तमिल लोक नृत्य प्रस्तुति

ओवरऑल चौंपियनशिप ट्रॉफी विजेता ग्रीष्मा हाउस